**आकाशवाणी जयपुर–अजमेर**
**प्रादेशिक समाचार**

**दिनांक: 11.10.2024** **समय : 18.30 पीएम**

- **राज्य सरकार ने सभी जिला कलेक्टरों और चिकित्सा अधिकारियों को मौसमी बीमारियों पर नियंत्रण के लिये प्रभावी कार्रवाई करने के निर्देश दिये।**
- **अन्तर्राष्ट्रीय बालिका दिवस पर प्रदेश में जागरूकता कार्यक्रमों के आयोजन।**
- **राज्य में दुर्गाष्टमी और महानवमी परम्परागत श्रद्धा के साथ मनाये गये–कल विजय दशमी पर रावण दहन होगा।**
- **मौसम विभाग ने अगले 3–4 दिन दक्षिणी जिलों में हल्की से मध्यम बारिश की संभावना जताई।**

0000

प्रदेश में मौसमी बीमारियों के मामले लगातार बढते जा रहा है। इसे देखते हुए राज्य सरकार ने सभी जिला कलेक्टरों और चिकित्सा अधिकारियों को मरीजों की देखभाल करने के साथ मौसमी बीमारियों पर नियंत्रण के लिए प्रभावी कार्रवाई करने के निर्देश दिये हैं। अस्पतालों में इन दिनों डेंगी और वायरल के मामले ज्यादा आ रहे हैं। पिछले दस दिनों में राज्य में डेंगू के एक हजार मामले सामने आ चुके हैं। जबकि पूरे साल में अब तक करीब 6 हजार 500 लोगों में डेंगी की पुष्टि हो चुकी है। पिछले चार सप्ताह में डेंगी के मामलों की संख्या में लगातार बढोतरी हुई है। जयपुर शहर के कई इलाके डेंगी की चपेट में है। इसके अलावा उदयपुर, बीकानेर, टोंक अलवर तथा दौसा में भी डेंगी के मामले बड़ी संख्या में सामने आ रहे हैं। अस्पतालों में मलेरिया और स्क्रब टाइफस के रोगी भी बड़ी संख्या में पहुंच रहे हैं। स्क्रब टाइफस के मामले उदयपुर, अलवर, राजसमंद और झालावाड़ में ज्यादा आ रहे हैं। सवाई मानसिंह मेडिकल कॉलेज में मेडिसिन विभाग के वरिष्ठ आचार्य डॉ. प्रकाश केसवानी ने आकाशवाणी ने बताया कि इस बार वायरल के लक्षणों में बदलाव आया है।

000

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने आज भरतपुर में जिला आरबीएम अस्पताल का निरीक्षण किया। उन्होंने अस्पताल के नये भवन के अंतिम चरण में चल रहे निर्माण कार्यों का अवलोकन कर अधिकारियों को आवश्यक दिशा निर्देश दिए । बाद में मुख्यमंत्री ने किला स्थित किशोरी महल में जारी विकास कार्यों का भी निरीक्षण किया । उन्होंने कुम्हेर गेट से हीरादास और काली की बगीची से शास्त्री पार्क तक बनने वाले फ्लाई ओवर तथा विकास कार्य का अवलोकन किया। श्री शर्मा ने एक्वेरियम, बायोलॉजिकल पार्क, केवलादेव उधान के विकास कार्यो के साथ ही शास्त्री पार्क और नये बस स्टैंड के विकास कार्यों का भी निरीक्षण किया। मुख्यमंत्री कल भरतपुर के सर्किट हाउस में ही जनसुनवाई करेंगे। जनसुनवाई के बाद वे संभागीय स्तर के अधिकारियों की बैठक लेकर आवश्यक दिशा निर्देश देंगे।

000

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने आज कोटा में आमजन से भेंट कर उनके अभाव–अभियोग सुने। उन्होंने अधिकारियों को आमजन की समस्याओं के निराकरण के निर्देश दिये। इस दौरान कोटा और बून्दी के ग्रामीण क्षेत्र से पहुंचे जनप्रतिनिधियों ने भी श्री बिरला को ज्ञापन सौंपे। बून्दी में लक्ष्मीपुरा–डोरा–डाबी तक सड़क की वन विभाग की स्वीकृति दिलवाने पर कार्यकर्ताओं ने श्री बिरला का आभार जताया।

000

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के तीसरे कार्यकाल में पहले सौ दिनों में किये गये महत्वपूर्ण कामों के बारे में जानकारी देने के लिए आकाशवाणी जयपुर के प्रादेशिक समाचार बुलेटिनों में विशेष श्रृंखला चलाई जा रही है। आज हम आपको गिग और प्लेटफॉर्म श्रमिकों को सामाजिक सुरक्षा का लाभ देने के लिये केन्द्र सरकार द्वारा उठाये गये कदमों की जानकारी दे रहे हैं।

000

आज अंतर्राष्ट्रीय बालिका दिवस है। यह दिवस दुनियांभर में लड़कियों की लैंगिक समानता, शिक्षा और समान अवसर उपलब्ध कराने पर जोर देता है। इस वर्ष अन्तर्राष्ट्रीय बालिका दिवस का विषय है – **भविष्य के प्रति बालिकाओं की संकल्प दृष्टि।** प्रदेश में बालिका दिवस पर विभिन्न आयोजन हो रहे हैं। बालोतरा में विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से जागरुकता कार्यशाला रखी गई। पाली में इस मौके पर जिला परिषद में कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर गुब्बारों से सजावट की गई और बेटी बचाओ–बेटी पढ़ाओ टैगलाइन, लोगो लिखा हुआ केक काटा गया। साथ ही बेटी बचाओ–बेटी पढ़ाओ शपथ बोर्ड पर हस्ताक्षर किए गए। कार्यक्रम में प्रतिभावान बालिकाओं को चैक देकर सम्मानित किया गया। बेटियों को जन्म देने वाली माताओं का भी सम्मान किया गया।

000

प्रदेश में आज शारदीय नवरात्रि के तहत दुर्गाअष्टमी और महानवमी का पर्व परम्परागत श्रद्धा के साथ मनाया जा रहा है। घर घर कन्या पूजन और अन्य धार्मिक आनुष्ठान किये जा रहे है ,सभी देवी मन्दिरो में विशेष पूजा अर्चना और यज्ञ हवन किये जा रहे हैं। जयपुर में आमेर में शिला माता मन्दिर में श्रद्धालुओं की भीड़ है। उत्तर भारत के प्रसिद्ध शक्तिपीठ कैला देवी में चल रहे शारदीय नवरात्र के मेले में आज एक लाख से अधिक श्रद्धालुओं की आवक हुई । राजस्थान के अलावा कई अन्य प्रदेशों से श्रद्धालुओं ने मन्दिर में दर्शन किये। उधर सरहदी जिले बाड़मेर के वीरातरा में वांकल माता का मेला परवान पर है। मेले में बड़ी संख्या में पैदल यात्रियों के अलावा नवविवाहित जोड़े भी पहुंच रहे हैं। बांसवाड़ा के प्रसिद्ध शक्तिपीठ मां त्रिपुर सुंदरी मन्दिर में दर्शन के लिए दिनभर श्रद्धालुओं का तांता लगा लगा रहा। झालावाड़ जिले के विभिन्न मंन्दिरों में मेलेभर रहे हैं।

...............................

पाली के ब्रहमपुरी में अम्बे मां के प्रांगण में महिलाओं ने सिर पर कलश और ज्योत जलाकर गरबा नृत्य किया। जिले के नाडोल में आशापुरा माताजी मंदिर में सुबह से श्रद्धालुओं की भारी भीड़ है। श्रीगंगानगर, सवाईमाधोपुर और टोंक जिले में अष्टमी पर कन्या पूजन किया गया।

0000

प्रदेश में कल विजय दशमी पर्व यानि दशहरा मनाया जायेगा। राज्य का सबसे बड़ा दशहरा मेला कोटा में आयोजित होता है। मेले में विजयश्री रंगमंच पर परंपरागत तरीके से रावण दहन किया जाएगा। इस बार रावण, कुम्भकर्ण और मेघनाद के पुतलों की ऊंचाई बढ़ाई गई है। रावण का पुतला 80 फुट जबकि कुम्भकर्ण और मेघनाद के पुतले 60–60 फुट के होंगे। राज्यपाल हरिभाऊ बागड़े और मुख्यमंत्री भजन लाल शर्मा ने प्रदेशवासियों को विजय दशमी पर्व की शुभकामनाएं दी हैं।

000

राज्य सरकार ने स्पिनफैड के कर्मचारियों को समायोजन के बाद संबंधित संस्था में लागू नियमित वेतनमान का लाभ देने का निर्णय किया है। सहकारिता राज्य मंत्री गौतम कुमार दक ने बताया कि इस संबंध में सहकारिता विभाग द्वारा आदेश जारी कर दिया गया है। इस निर्णय से सहकारी संस्थाओं में काम कर रहे स्पिनफैड के लगभग 110 कर्मचारी और श्रमिक लाभान्वित होंगे। सहकारिता मंत्री ने बताया कि स्पिनफैड के कर्मचारी और श्रमिक ने जिस दिन से सहकारी संस्था में समायोजित पद पर कार्यग्रहण किया है उस दिन से उसे 2 वर्ष के परिवीक्षाकाल में माना जायेगा। दो वर्ष के सफलतापूर्वक पूरे किये गये परीवीक्षाकाल के बाद संबंधित संस्था में लागू नियमित वेतनमान का लाभ कर्मचारी या श्रमिक को दिया जाएगा।

0000

टिड्डी दल से फसलों को होने वाले नुकसान से बचाने के लिए समय रहते उन्हें नियंत्रित करने के लिए अब अन्तर्राष्ट्रीय स्तर पर प्रयास किए जा रहे हैं। आगामी दिनों में रोम से आए विशेषज्ञों द्वारा सरहदी जिले जैसलमेर में विभिन्न क्षेत्रों का निरीक्षण किया जाएगा।

000

प्रदेश में पिछले 24 घंटों में कहीं कहीं हल्की से मध्यम वर्षा दर्ज की गयी है। बाड़मेर में सबसे ज्यादा 23 मिलीमीटर वर्षा दर्ज की गयी है। इस बीच राज्य के कई जिलों में तापमान बढने लगा है। कुछ जिलों में दिन का तापमान 38 डिग्री सेल्सियस से उपर पहुंच गया। जबकि अन्य जिलों में अधिकतम तापमान 32 से 35 डिग्री सेल्सियस मापा जा रहा है। मौसम विभाग ने प्रदेश में अगले तीन चार दिन दक्षिणी जिलों में बादल छाये रहने के साथ हल्की से मध्यम बारिश होने की संभावना जताई है।

000